हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है।प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री मोदी ने कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा।

****

हरियाणा में आज चुनाव प्रचार के लिए हर राजनीतिक दल के स्टार प्रचारक प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं।सोनीपत ज़िले के गोहाना कस्बे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ ही देर में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करेंगे। इस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोगों को संबोधित कर रहे हैं। इस रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री सोनीपत, रोहतक और पानीपत ज़िलों के 22 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। वहीं इंडियन नेशनल लोकदल ने जींद ज़िले के जुलाना हलके में उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर जननायक सम्मान रैली का आयोजन किया है। चुनावी माहौल को देखते हुए इस रैली में बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल भी शिरकत करेंगे। उधर, आज केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लाडवा, कुरुक्षेत्र और गुरुग्राम में जनसभाएं करेंगे।वहीं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल महम में जनसभा को संबोधित करेंगे।

****

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने उपायुक्तों से प्रदेश को पराली जलाने से मुक्त बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाने को कहा

है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 2023 में हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। 2023 के खरीफ सीजन में रेड जोन के गांवों की संख्या 147 से घटकर 67 हो गई है।जबकि येलो जोन के गांवों की संख्या 582 से घटकर 402 हो गई है। उन्होंने कहा कि क्योंकि अब धान की अगेती फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। साथ में पराली जलाने के मामले भी सामने आने लगे हैं तो मुख्य सचिवने मंडल आयुक्तों तथा फतेहाबाद, जींद, कैथल, अंबाला, सिरसा, कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार, सोनीपत और यमुनानगर के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की है। डॉ. प्रसाद ने अधिकारियों को पराली जलाने की घटनाओं को लेकर सवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और इन घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय लागू करने के लिए खंड स्तर पर चार सदस्यीय समिति बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से हर रोज स्थिति की निगरानी करेंगे और किसी भी परिस्थिति में पराली जलाने के एक भी मामले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान की पराली जलाने से रोकने में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

****

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक रणधीर सिंह गोलन कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने आज रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता हासिल की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि रणधीर सिंह गोलन के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। वहीं, रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि वे बिना किसी शर्त के कांग्रेस में शामिल हुए हैं और विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे।

****

अम्बाला शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा जन चेतना पार्टी के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने अम्बाला शहर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी असीम गोयल को खुला समर्थन देने का ऐलान किया। उन्होंने अम्बाला शहर में एक कार्यक्रम के दौरान अपने सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी में यह घोषणा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल,और धर्मेंद्र प्रधान,भी मौजूद रहे। श्री विनोद शर्मा ने कहा कि जन चेतना पार्टी और बी जे पी के कार्यकर्ता मिलकर अंबाला के कोने कोने में जाकर असीम गोयल को जितवाने का काम करेंगे। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से भी चुनाव के दिन तक पूरे जोश के साथ असीम गोयल के प्रचार में डटने की अपील की। कार्यक्रम के बाद पत्रकारो से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्री विनोद शर्मा का इलाके में प्रभाव है ऐसे में अंबाला शहर में इनसे बड़ा सहयोग मिलेगा। वहीं कुमारी सेलजा को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस को आज कुमारी सैलजा के मुद्दे पर कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है इसके पीछे कुछ तो वजह होगी।

****

हरियाणा विरासत एवं पर्यटन विभाग द्वारा 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस वैश्विक भावना के साथ "पर्यटन और शांति" के थीम अनुसार मनाया जाएगा। विरासत और पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन ने बताया कि और इसके लिए दो दिन तक कार्यक्रम आयोजित होंगे।